# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (01.02.2025)**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:01.02.2025**
**PAGE-04**

## पीजी फोर्थ के परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-24 की परीक्षा के लिए कार्यक्रम में संशोधन किया है। पांच से सात फरवरी तक पहली पाली में होने वाली सभी परीक्षाओं को दूसरी पाली में शिफ्ट कर दिया गया है। इसको लेकर शुक्रवार को परीक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुवालाल पासवान ने बताया कि पांच से सात फरवरी को अब सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में होंगी। इससे पहले होने वाली परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। दूसरी पाली की परीक्षा एक से चार बजे तक होगी। साथ ही परीक्षा के लिए केंद्र में भी बढ़ोतरी की गई है। अब डीडीई सभागार के साथ-साथ परीक्षा भवन को भी केंद्र बनाया गया है। पांच से सात फरवरी तक होने वाली परीक्षा के लिए ग्रुप ए, सी और ई वाले विषयों के विद्यार्थियों के लिए डीडीई यानी दूरस्थ शिक्षा निदेशालय तथा ग्रुप बी, डी और एफ विषयों की परीक्षा के लिए परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है।